प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 15.09.2023

# वित्तीय समावेशन को गति देने की दिशा में इंडियन बैंक द्वारा "आईबी साथी" का लॉन्च

**चेन्नै, 15 सितंबर, 2023** - इंडियन बैंक ने आईबी साथी (IB SAATHI - Sustainable Access and Aligning Technology for Holistic Inclusion) लॉन्च किया, जो एक अभूतपूर्व वित्तीय समावेशन (एफआई) समाधान है, जिसका उद्देश्य बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट चैनल के माध्यम से वित्तीय क्षेत्र में सभी हितधारकों के लिए एक एकीकृत वातावरण प्रदान करना है। आईबी साथी का आधिकारिक लॉन्च कार्यक्रम, दिनांक 14.09.2023 को इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री एस एल जैन की अध्यक्षता में बैंक के चेन्नै स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में किया गया।

आईबी साथी, बुनियादी और मूल्य वर्धित दोनों सेवाओं को शामिल करते हुए अपने बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) मॉडल के माध्यम से ग्राहकों को इनकी सुविधाजनक आपूर्ति करते हुए बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान कर भारत में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को पुनः परिभाषित करने के लिए तैयार है। इस संशोधित मॉडल के साथ, इंडियन बैंक का लक्ष्य सभी केंद्रों पर निर्धारित आउटलेट्स में प्रति दिन न्यूनतम चार घंटे बुनियादी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, बीसी एजेंट अपनी सेवाओं को सीधे ग्राहकों की दहलीज तक पहुंचाएंगे, जिससे वित्तीय सेवाओं तक पहुंच और भी अधिक सुविधाजनक और समावेशी हो जाएगी।

इंडियन बैंक ने मार्च 2024 तक 5000 से अधिक नए बीसी तैनात करने का महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया है। इस प्रयास से बैंक की पहुंच और इसकी सुगमता में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे अधिकतर वंचित समुदायों की आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित होगी। 10,750 बीसी और 10 कॉरपोरेट बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स के अपने मौजूदा नेटवर्क को 15,000 से अधिक बीसी और 15 कॉरपोरेट बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स तक विस्तारित करके, इंडियन बैंक वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाएगा।

वर्तमान में, इंडियन बैंक अपने बीसी चैनल के माध्यम से ग्राहकों को 36 विभिन्न सेवाएँ प्रदान कर रहा है। आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में, बैंक अतिरिक्त 60 सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार है, जिससे देश भर में ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय समाधानों का व्यापक स्पेक्ट्रम प्रदान किया जाएगा।

आईबी साथी के लॉन्च के साथ, इंडियन बैंक वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक भारतीय को अपने सपनों और आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच और समर्थन प्राप्त हो। यह अभिनव पहल वित्तीय रूप से समावेशी भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है।

**Corporate Office: 254-260, Avvai Shanmugam Salai, Royapettah, Chennai – 600 014**
**Phone: 044-2813 4457, Email: ccd@indianbank.co.in**
**Follow us on**